# ।।कार्यालय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।।

क्रमांकः– व–15(08)आरपीए/जन/विद्युत ए.एम.सी/2025/1167 दिनांकः– 24-2-2026

**खुली बोली आमंत्रण सूचना**

अकादमी परिसर में विभिन्न शाखाओं/अनुभागों एवं हॉस्टल तथा मैस में स्थापित ए.सी.एवं विद्युत के रख–रखाव हेतु 1 वर्षीय दर संविदा (पार्ट्स सहित) की जानी है, जिसके लिए मोहरबन्द बोलियाँ आमन्त्रित की जाती हैं। बोली आमंत्रण सूचना राजस्थान सरकार के www.sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं विभागीय वेबसाइट www.rpa.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं तथा इच्छुक निविदादाता द्वारा दिनांक 24.02.2026 से 05.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड कर दोपहर 1:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं जिसके लिए निविदा फॉर्म शुल्क तथा बोली प्रतिभूती का डी.डी/बैंकर्स चैक संलग्न करना होगा। –

| क्र. सं. | उपापन की विषयवस्तु का संक्षिप्त वर्णन | निविदा राशि अनुमानित (लाखों में) | बोली प्रतिभूति राशि | बोली प्रपत्रों का मूल्य | तकनीकी बोली खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशासनिक भवन/हॉस्टलों के विभिन्न अनुभागों में स्थापित एसी के रख–रखाव एवं विद्युत के रख–रखाव हेतु। (पार्ट्स सहित) | 9.50 लाख | अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत * <br> 19000/-डी.डी. के माध्यम से | 500/– रू.0 * | 05.03.2026 <br> दोपहर 03:00 बजे |

संलग्न– बोली की शर्तें, वांछित तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय प्रपत्र।

सहायक निदेशक (प्रशासन),
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सहायक, निदेशक, आर.पी.ए. जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त निदेशक, आर.पी.ए. जयपुर।
3. निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय राजस्थान जयपुर को 10 प्रतियों में भेजकर निवेदन है कि निविदा सूचना को तीन दिवस तक आवश्यक रूप से एक क्षेत्रीय स्तर के समाचार पत्र में प्रकाशित करावें एवं अखबार की दो प्रति इस कार्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।
4. निजी सहायक, उप निदेशक एवं प्राचार्य, आर.पी.ए. जयपुर।
5. लेखाधिकारी, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।
6. संचित निरीक्षक (प्रशासन/क्वार्टर मास्टर) राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।
7. प्रोग्रामर, आर.पी.ए. जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त निविदा sppp पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं www.rpa.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर मय खुली निविदा सूचना, निविदा प्रारूप एवं शर्तो के अपलोड करवाना सुनिश्चित करावें।
8. नोटिस बोर्ड, आर.पी.ए. जयपुर।

सहायक निदेशक (प्रशासन),
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर। ।

## ।।कार्यालय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।।

## निविदा प्रपत्र (तकनीकी बिड)

1. कार्य का नामः– विद्युत उपकरणों/ए.सी. की मरम्मत एवं रख–रखाव हेतु निविदा वर्ष 2025–26
2. निविदा संख्या /2025–26 दिनांक....................
3. निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर के पते पर निविदा प्रस्तुत की जावें।
4. (i) निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक का पूरा पता ई–मेल सहितः–
   ..........................................................................................................................................
   ..........................................................................................................................................
   ई–मेल आई.डी..........................................................................................................................
   (ii) अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम............................................मोबाईल नं....................
5. निविदा शुल्क हेतु निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर के पक्ष में देय रूपये 500/– का बैंकर चैक/ड्राफट/रसीद संख्या/.................................दिनांक............... संलग्न है।
6. बोली प्रतिभूति हेतु निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर के पक्ष में देय राशि रू............... /–का बैंकर चैक/ड्राफट संख्या...................... दिनांक .............संलग्न है।
7. निविदादाता द्वारा निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना आवश्यक है।
8. निविदा पूर्ण रूप से सील पैक करके प्रस्तुत करनी होगी स्टेपलर से सील की हुई मान्य नहीं होगी
9. निविदा खुलने की तिथि से दरों की विधि मान्यता अवधि 90 दिवस होगी।
10. निविदादाता द्वारा निम्नलिखित प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक हैः–

| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र | |
| 2. | फर्म का नाम पता ई–मेल सहित | |
| 3. | PAN Card व Address Proof प्रमाण पत्र | |
| 4. | GST पंजीयन प्रमाण पत्र | |
| 5. | PWD या विद्युत निरीक्षक विभाग द्वारा जारी इलैक्ट्रीक कार्य करने का लाइंसेस | |
| 6. | किसी भी राजकीय संस्थान/कार्यालय में विद्युत रख–रखाव के कार्य का एक वर्ष का अनभुव प्रमाण–पत्र/कार्यादेश। | |
| 7. | बोलीदाता को 100/–रूपये के गैर न्यायिक मुद्रांक पत्र पर इस स्वंय के हस्ताक्षरित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। | |
| 8. | वित्तीय तीन वर्षो का वार्षिक 10.00 लाख का टर्नऑवर 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 का प्रस्तुत करना होगा जिसमें UDIN नंबर अंकित होना अनिवार्य है। | |

निविदा के साथ उपरोक्तानुसार प्रासांगिक प्रमाण–पत्र ही प्रस्तुत किये जावे तथा उपरोक्त सारणी के निर्धारित कॉलम में पृष्ठ संख्या आवश्यक रूप से अंकित की जावे।

निविदादाता अंकित की गयी पृष्ठ संख्या पर सम्बन्धित प्रमाण–पत्र उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया हुआ माना जायेगा।

11. निविदा सूचना संख्या /2024–25 दिनांक ....................राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा जारी की गई है इसमें वर्णित समस्त शर्तो का पालन करने के लिये हम सहमत है। निविदा की अन्य शर्ते, जो संलग्न पृष्ठो में दी गई है। इन समस्त पृष्ठों पर वर्णित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीक स्वरूप हमने हस्ताक्षर कर दिये है, तथा इनका पालन करने के लिए हम सहमत है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

## ।।कार्यालय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।।

## (वित्तीय बिड)

1. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक का पूरा पता ई–मेल सहितः–
.......................................................................................................................................
............................ई–मेल आई.डी..........................................................................(पप) अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम ......................मोबाईल नं.........................................................................

2. निविदा में अंकित समस्त शर्तो की पालना करते हुए विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख–रखाव (पार्ट्स सहित) की दरें निम्नानुसार प्रस्तुत हैः–

| क्र.सं. | कार्य | एक मुश्त वार्षिक दर | दर रूपयों में GST सहित | कुल दर समस्त कर सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा के नियम एवं शर्तो के बिन्दु सं. 4(अ) पर उल्लेखित अनुसार जॉब बेसिस पर समस्त विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख–रखाव कार्य (CAMC)/पार्टस सहित वार्षिक दर ( पंखे 1315 नग, डेजर्ट कूलर 351 नग, एसी 281 नग, डक्टिंग 01 नग, वाटर कूलर 14 नग) तथा एल.ई.डी ट्यूबलाईट/मरकरी/स्वीच/बोर्ड/एक्शटेशनबोर्ड/पॉवर पलक/विद्युत पैनल/कुलर मोटर/कुलर टाटी/ कुलर स्वीच/पॉवर शॉकिट/प्लास/पैच कश/ट्यबेल मोटर बाईडिंग कार्य इत्यादि सहित | | | |

3. केबल की दरें निम्नानुसार प्रस्तुत करेः–

| क्र.सं. | केबल की दर प्रति मीटर ( जो CAMC में शामिल नहीं है।) | दर रूपयों में GST सहित |
|---|---|---|
| | **Cable Copper.** | |
| 1. | Electric Cable 2,3,4 core -2.5mm | |
| 2. | Electric Cable 2,3,4-4mm | |
| 3. | Electric Cable 2,3,4 Core- 6mm | |
| 4. | Electric Cable 2,3,4 core- 10 mm | |
| | **Cable Aluminiyam** | |
| 1. | Electric Cable 2,3,4 core- 4 mm | |
| 2. | Electric Cable 2,3,4 core- 6 mm | |
| 3. | Electric Cable 2,3,4 core- 10 mm | |
| 4. | Electric Cable 2,3,4 core- 16 mm | |
| 5. | Electric Cable 2,3,4 core- 25 mm | |
| 6. | Electric Cable 2,3,4 core- 50 mm | |
| 7. | Electric Cable 2,3,4 core- 75 mm | |
| 8. | Electric Cable 2,3,4 core- 100 mm | |
| 9. | Electric Cable 2,3,4 core- 150 mm | |
| 10. | Electric Cable 2,3,4 core- 195 mm | |

4. निविदा सूचना संख्या.........../2025–26 दिनांक ..............को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा जारी की गई है मै वर्णित समस्त शर्तो का पालन करने के लिये भी हम सहमत है एवं उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्तो को जो संलग्न पृष्ठो में दी गई है। जिसके समस्त

पृष्ठों पर उसमें वर्णित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीक स्वरूप हमने हस्ताक्षर कर दिये है, का भी पालन करने के लिए हम सहमत है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

# ।।कार्यालय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।।

**जॉब बेसिस पर विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख–रखाव (पार्ट्स सहित) हेतु निविदा वर्ष 2025–26 के नियम व शर्ते**

1. निविदादाताओं को इन शर्तो को सावधानी पूर्व पढ़ना चाहिये तथा अपनी निविदाएं भेजते समय उनकी पूर्ण रूपेण पालना करनी चाहियें।

   (क) यह निविदा द्वि–प्रक्रर्मी ( ) निविदा के रूप में आंमत्रित की गई हैः–

   1. तकनीकी निविदा
   2. वित्तीय निविदा

2. निविदा दो अलग–अलग लिफाफो में होगी। एक लिफाफा जिस पर तकनीकी बिड अंकित होगा जिसमें निविदा प्रपत्र एवं शर्ते, बिड सिक्योरिटी राशि के डी.डी./बैकर्स चैक सहित तकनीकी बिड में विनिर्दिष्ट प्रमाण–पत्र रखे जावें। दूसारा लिफाफा, जिस पर वित्तीय बिड अंकित होगा इस लिफाफे में वित्तीय बिड के निर्धारित प्रारूप में दर अंकित की जाकर रखा जावें। दोनो लिफाफे पृथक–पृथक बंद किये जाकर एक बड़े लिफाफे में रखे जाकर बड़े लिफाफे पर जॉब बेसिस पर विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख–रखाव हेतु निविदा अंकित करते हुए मुहर बन्द किया जाकर निविदा प्रस्तुत की जावें।

3. निविदा उन फर्मो/मैकेनिकों/अभियंताओं के द्वारा दी जावेंगी, जो निविदा में वर्णित समस्त मशीनों का मरम्मत कार्य करते हो/कराते हो/अनुभव रखते हो। उपकरणों की स्थिति के बारे में स्टोर कीपर/संबधित प्रभारी से कार्यालय समय में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

4. . (अ) निविदादाता को निम्नांकित मशीनों/ उपकरणों का मरम्मत एवं रख रखाव कार्य/ CAMC उपयुक्त क्षमता वाले ( MCB, Isolator & MCCB) इत्यादि समस्त पार्टस सहित सातों दिन 24 घण्टे देनी होगी। CAMC में Cable Cost सम्मिलित नहीं होगी जिसकी दर पृथक से प्रस्तुत की जावें। Cable बदलने का कार्य CAMC में सम्मिलित होगा। Cable फाल्ट होने पर तत्काल बदलना होगा एवं भुगतान अनुमोदित दरों पर बिल प्रस्तुत करने के उपरान्त किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| A. पंखे | 1315 नग |
| B. डेजर्ट कूलर | 351 नग |
| C. एसी | 281 नग |
| D. डक्टिंग | 01 नग |
| E. वाटर कूलर | 14 नग |
| F. समस्त (ट्यूबेल) मोटर बाईडिंग संबधित कार्य | 27 नग |

(ब) वित्तीय बिड में केबल की दरें अलग से प्रस्तुत की जावें। केबल की साईज निम्न प्रकार हैः–

**Cable Copper.**

(1)Electric Cable 2,3,4 core -2.5mm

(2) Electric Cable 2,3,4-4mm

(3) Electric Cable 2,3,4 Core- 6mm
(4) Electric Cable 2,3,4 core- 10 mm

**Cable Aluminiyam**

(1.) Electric Cable 2,3,4 core- 4 mm
(2) Electric Cable 2,3,4 core- 6 mm
(3) Electric Cable 2,3,4 core- 10 mm
(4) Electric Cable 2,3,4 core- 16 mm
(5) Electric Cable 2,3,4 core- 25 mm
(6) Electric Cable 2,3,4 core- 50 mm
(7) Electric Cable 2,3,4 core- 75 mm
(8) Electric Cable 2,3,4 core- 100 mm
(9) Electric Cable 2,3,4 core- 150 mm
(10) Electric Cable 2,3,4 core- 195 mm

(स) राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में बिजली फिटिंग, एल.ई.डी/ट्यूबलाईट/मरकरी/स्वीच/बोर्ड/एक्शटेशनबोर्ड/पॉवर पलक/कुलर मोटर/कुलर टाटी/कुलर स्वीच/ पॉवर शॉकिट/प्लास/पैज कश/लाईन फाल्ट खराब होने की स्थिति में तुरन्त ठीक करनें होग एवं आवश्यकता होने पर अकादमी स्तर पर क्रय किये गये उपकरणों की फिटींग का भी कार्य करना होगा।

(द) केबल की बाजार दर अनुमोदित दर से कम होने की स्थिति में संवेदक से केबल क्रय किया जाना राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर के लिए अनिवार्य नहीं होगा। केबल बदलने योग्य होने की स्थिति में अनुमोदित संवेदक द्वारा निदेशक, आर.पी.ए. जयपुर को लिखित में सूचना देनी होगी तत्पश्चात् निदेशक, आर.पी.ए. जयपुर द्वारा सूचित किये जाने पर ही नई केबल बदली जावेगी।

(य) वॉटर बोरिंग में पूर्ण सिस्टम को चालू हालत में रखना होगा इसमें वॉटर बोरिंग मोट, भूतल पर दो अन्य मोटर, वॉल्व, स्टार्टर, आदि सम्मिलित है। यदि पानी नीचे जला जाता है तो आवश्यकतानुसार पाईप डालने का कार्य भी करना होगा।

5. राजस्थान पुलिस अकादमी में विद्युत आपूर्ति बनाये रखने हेतु प्रशिक्षित एवं अनुभवी विद्युतकारों की 24 घण्टे उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी एवं किसी प्रकार की बाधा आने पर उसे अविलम्ब 2–3 घण्टे में दुरूस्त किया जाना होगा। साथ ही मरम्मत कार्य हेतु किसी उपकरण सामान की आवश्यकता हो तो उसका प्रबन्ध भी अनुमोदित संवेदक द्वारा किया जायेगा।

6. कार्य की भारी मात्रा(Major Work) के अतिरिक्त अन्य मरम्मत कार्य यदि 6 घण्टे तक भी नहीं किया जाता है तो खुले बाजार से मरम्मत कार्य कराया जायेगा, इस पर व्यय की गई पूर्ण राशि की वसूली संवेदक से की जायेगी। किसी उपकरण की मरम्मत हेतु सूचना देने के लिए संवेदक को एक मोबाईल नंबर उपलब्ध कराना होगा।

7. सफल निविदादाता द्वारा विद्युतकारों की सूची मय आई.टी.आई. प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र एवं पहचान पत्र उपलब्ध करानी होगी।

8. उपकरण खराब होने पर यदि उसे मरम्मत हेतु सर्विस सेन्टर ले जाने की आवश्यकता हो तो संवेदक द्वारा वापस ठीक करके देने की निश्चित अवधि भी रिपोर्ट/प्राप्ति पत्र में अंकत

करनी होगी, यह अवधि अधिकतम 3 दिन होगी। इस अवधि में मरम्मत कर यथा स्थान संस्थापित नहीं किया जाता है तो उसके स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी। यदि निश्चित समयावधि में उपकरण का मरम्मत कार्य कर स्थापित नहीं किया जाता है तो 200/-रूपये प्रतिदिन के हिसाब से शास्ति वसूल की जायेगी। राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कराने पर भुगतान की गयी राशि संवेदक से वसूल की जायेगी।

9. संस्था परिसर के समस्त अनुभागों में विद्युत आपूर्ति निरन्तर चलती रहे, इसका पूर्ण ध्यान रखना होगा।

10. संवेदक को स्वयं के व्यय पर निर्धारित प्रारूप में एक करार 500/-रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निष्पादित करना होगा। संविदा की यथावत क्रियान्विति के लिए निविदा मूल्य 5 प्रतिशत राशि प्रतिभूति के रूप में जमा करानी होगी। प्रतिभूति की राशि निविदा अवधि पूर्ण होने की तारीख से दो माह पश्चात् लौटा दी जायेगी। निविदा समाप्ति पर यदि संवेदक के विरूद्व कोई बकाया निकलता है तो उसकी कटौति प्रतिभूति राशि से की जावेगी। प्रतिभूति की राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। प्रतिभूति निक्षेप जमा कराने एवं नियत कालावधि में इकरारनामा निष्पादित करनें विफल रहने की स्थिति में संवेदक द्वारा नियमं तथा शर्तो को भंग माना जायेगा तथा उसकी अमानत राशि जब्त कर ली जायेंगी।

11. संवेदक के श्रमिक इस संस्था के कर्मचारी नहीं होगे एवं उन पर राज्य सरकार के सेवा नियम लागू नहीं होग। ये कार्मिक संवेदक के कर्मचारी होंगे।

12. विद्युत कार्य करने वाले कार्मिक आई.टी.आई. प्रशिक्षित होने चाहिये। आई.टी.आई. प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध करवाना आवश्यक होगा। कार्य के दौरान संबधित कार्मिक का आई.टी.आई. प्रशिक्षण प्रमाण पत्र कभी भी देखा/मांगा जा सकता है।

13. संवेदक अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानुसार भुगतान के लिए बाध्य होगा। साथ ही समस्त श्रम नियमों की पालना का दायित्व भी संवेदक का होगा।

14. राजस्थान अनुबंधित (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 एवं अन्य श्रम संबधी श्रम विभाग की अधिसूचना के अनुसार कार्य कराने का दायित्व भी संवेदक का ही होगा।

15. संविदा पर लगे श्रमिको की कार्य के दौरान मृत्यु हो जाती है या अन्य किसी भी रूप में दुर्घटना/घायल/अंपग हो जाता है। तो उसकी समस्त जिम्मेदारी एवं क्षतिपूर्ति, मुआवजा आदि देने का भार संवेदक द्वारा वहन किया जावेगा। इसके लिए निदेशक, आर.पी.ए. किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

16. सफल निविदादाता को वर्ष में चार बार प्रत्येक उपकरण की निर्धारित मापदण्डों के अनुसार सर्विस करनी होगी एवं उपकरण खराब होने पर अविलम्ब मरम्मत करवाकर उपलब्ध कराना होगा। यदि कोई उपकरण ऑफ सीजन में कार्य नहीं करते है (जैसे वॉटर कूलर, डंक्टिग आदि) तो भी निर्धारित अन्तराल पर सर्विस कर संबधित प्रभारी से संतोषप्रद रिपोर्ट बिल के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी होगी। निर्धारित सर्विस नहीं करने पर 25 प्रतिशत बिल राशि प्रति सर्विस कटौती की जायेगी।

17. डक्टिंग सिस्टम में पूर्ण सिस्टम को चालू हालत में रखना होगा इसमें स्टार्टर/स्वीच एवं पानी की आपूर्ति भी सम्मिलित है। पूर्ण डक्टिंग सिस्टम, कूलर, पंखे, एसी आदि की सफाई कर फरवरी माह के अंत तक सही हालत में तैयार कर संबंधित प्रभारी अधिकारी को निरीक्षण हेतु सूचित करना होगा।

18. संस्था के विभिन्न शाखाओ, अनुभागों, हॉस्टलों एवं अन्य जगह पर स्थापित समस्त एसी की ग्रीष्म के प्रारम्भ में (फरवरी के अन्त में अथवा 15 मार्च से पूर्व) अथवा अनुबंध अवधि के प्रारम्भ में सर्विस अनिवार्य रूप से करनी होगी एवं वांशिग प्रेशर से साल में 2 बार धुलाई करनी होगी।

19. मरम्मत वाले उपकरण प्रभारी वर्कशॉप/संबंधित प्रभारी से प्राप्त कर उनकी मरम्मत कर संबधित प्रभारी से संतोषप्रद कार्य की रिपोर्ट प्राप्त करके उपकरण सम्भालना होगा। निविदा की अवधि समाप्त होने से पर सभी उपकरण सही हालत में सम्भालने होगे।

20. किसी भी स्तर/परिस्थिति में निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्तारकर्ता को होगा।

21. कार्य के संतोषजनक पूर्ण होने की पृष्टि स्वरूप संबधित प्रभारी से सेवा रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

22. अनुबन्ध अवधि सफलता पूर्वक पूर्ण करने एवं लाईट उपकरण/एसी सही हालत में संभलाने/सुपुर्दगी पश्चात् ही अन्तिम तिमाही के बिल का एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति का भुगतान किया जावेगा।

23. वार्षिक रख–रखाव की अनुमोदित वार्षिक दर का (चार समान भागों में) प्रत्येक तिमाही पश्चात् प्रस्तुत बिल का सक्षम प्रमाणीकरण के आधार पर भुगतान किया जावेगा।

24. अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिये जाने वाले आदेश की पालना में एवं उच्चाधिकारियों के मौखिक निर्देशानुसार मरम्मत कार्य 3 दिवस में करना अनिवार्य होगा।

25. किसी भी शर्त का उल्लंघन करने अथवा कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर प्रतिभूति राशि जब्त करते हुए निविदा को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।

26. यह निविदा केवल एक वर्ष के लिए आंमत्रित की गई है। कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में आर.टी.पी.सी. अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निविदा अवधि में वृद्धि की जा सकती है।

सहायक निदेशक (प्रशासन),
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर। ।

## परिशिष्ट ''द''
## पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर
## बोलीदाताओं द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैने/हमने जिस वस्तु/स्टोर/कार्य के लिए बोली दी है, उनका/उनके लिए मैं/हम बोनाफाईड विनिर्माता/निर्माता (वृहत/मध्यम/लघु) (जोISO-9001/ISO-9002/ISO-9000/ISO-4000 प्रमाण पत्र धारक हो) थोक विक्रेता/थोक वितरक/सोल सेलिंग एण्ड मार्केटिंग एजेण्ट/प्राधिकृत नियमित डीलर/डीलर हूँ/हैं। मेरे/हमारे द्वारा विभागीय परिशिष्ट 'अ, ब, स एवं ई तथा बोली सूचना को पूर्ण रूप से पढकर समझ लिया है। मेरे/हमारे द्वारा उन शर्तों की पूर्ण पालना की जाएगी/करूंगा/करेंगे। और मैं/हम उपरोक्त को अक्षरशः स्वीकार करते है।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी बोली प्रतिभूति राशि का समपहरण कर लिया जाए तथा बोली को जिस सीमा तक स्वीकार किया गया है, रद्द कर दिया जाए ।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मय मोहर
पूर्ण पता

टेलीफोन नं.

**शपथ पत्र**

**मै. ..........................................................................................**

**यह है कि मेरी फर्म एवं मेरी फर्म का प्रबन्धक किसी भी अपराधिक प्रवृति में लिप्त नहीं है और न ही किसी भी राजकीय विभाग/अद्धेसरकारी संस्था द्वारा पूर्व में ब्लेक लिस्टेड/अमानत राशि जब्त कर निष्कासित किया गया है।**

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मय मोहर
पूर्ण पता

टेलीफोन नं.